# वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र : 2017–18
जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली)
ज़िला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश।
दिनांकः 20.03.2018

11वां
पारितोषिक वितरण समारोह
माननीय मुख्यातिथि
श्री गोविंद सिंह ठाकुर

की अध्यक्षता में

प्रस्तुति
प्रो0 शमशेर सिंह
प्राचार्य

परम सम्माननीय, आज के मुख्य अतिथि श्री गोविंद सिंह ठाकुर जी, उपस्थित अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री तोता राम जी व सदस्य, केन्द्रीय छात्र संघ के प्रधान व सदस्यगण, सभी पत्रकार बन्धु एवं उपस्थित बुद्धिजीवी वर्ग। ये हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि माननीय श्री गोविंद सिंह ठाकुर जी मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बीच मौजूद हैं।

हमारा सौभाग्य है कि इलाके के विधायक श्री गोविंद सिंह ठाकुर आज मंत्री के रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों को देख रहें हैं और अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद हमारे इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के लिए वक्त निकालकर हमारे बीच उपस्थित हुए हैं।

आपका जन्म 3 अक्टूबर, 1968 को मनाली में हुआ और आरम्भिक शिक्षा कन्याल स्कूल से हुई और दसवीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनाली से तथा स्नात्तक की परीक्षा राजकीय महाविद्यालय कुल्लू से 1988 में पास की। कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त आप 'whole Timer' के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के सदस्य के रूप में काम करने लगे। पहली बार आपने 'गौरव मंच' के उम्मीदवार के रूप में विधायक का चुनाव लड़ा तदुपरान्त दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में विधायक चुनकर विधानसभा पहुँचे और 2007 से लगातार तीसरी बार विधायक चुनकर आने का गौरव प्राप्त किया है। वर्तमान में आप मनाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने जाने के साथ–2 इस समय हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के तीन महत्वपूर्ण विभागों वन विभाग, परिवहन विभाग व युवा कल्याण एवं खेल विभाग के मंत्रालयों को देख रहें हैं।

महोदय, आपको आज हम मुख्यअतिथि के रूप में अपने मध्य पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

महोदय,

24 जून, 2006 को जब महाविद्यालय अस्तित्व में आया तो उस समय केवल चार प्राध्यापकों और 42 विद्यार्थियों के साथ अपनी यात्रा करता हुआ 17 प्राध्यापकों और 949 विद्यार्थियों के साथ आज 11वां पारितोषिक वितरण समारोह मना रहा है।

**नामांकन** : वर्ष 2017–18 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 949 है जिसका विस्तृत विवरण तालिका में दिया गया है।

| संकाय | कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | ओ.बी.सी. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| कला | बी.ए.प्रथम सत्र | 67 | 64 | 131 | 21 | 10 | 31 | 15 | 9 | 24 | 5 | 6 | 11 |
| | बी.ए.तृतीय सत्र | 43 | 73 | 116 | 13 | 14 | 27 | 6 | 2 | 8 | 1 | 2 | 3 |
| | बी.ए.पांचवा सत्र | 41 | 73 | 114 | 12 | 13 | 25 | 4 | 6 | 10 | 1 | 1 | 2 |
| | **कुल** | **151** | **210** | **361** | **46** | **37** | **83** | **25** | **17** | **42** | **7** | **9** | **16** |
| वाणिज्य | बी.कॉम.प्रथम सत्र | 40 | 25 | 65 | 3 | 2 | 5 | 10 | 2 | 12 | 2 | 1 | 3 |
| | बी.कॉम.तृतीय सत्र | 29 | 14 | 43 | 7 | 4 | 11 | 3 | 5 | 8 | 1 | 0 | 1 |
| | बी.कॉम.पांचवा सत्र | 19 | 21 | 40 | 1 | 5 | 6 | 1 | 6 | 7 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **88** | **60** | **148** | **11** | **11** | **22** | **14** | **13** | **27** | **3** | **1** | **4** |
| विज्ञान | बी.एस.सी.प्रथम सत्र | 29 | 35 | 64 | 2 | 5 | 7 | 19 | 6 | 25 | 1 | 1 | 2 |
| | बी.एस.सी.तृतीय सत्र | 21 | 21 | 42 | 1 | 1 | 2 | 5 | 6 | 11 | 2 | 0 | 2 |
| | बी.एस.सी.पंचम सत्र | 41 | 34 | 75 | 5 | 1 | 6 | 3 | 6 | 9 | 1 | 0 | 1 |
| | **कुल** | **91** | **90** | **181** | **8** | **7** | **15** | **27** | **18** | **45** | **4** | **1** | **5** |
| | **कुल योग** | **330** | **360** | **690** | **65** | **55** | **120** | **66** | **48** | **114** | **14** | **11** | **25** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' के चलते अब परिणामों का तरीका पहले की व्यवस्था से एकदम बदल गया है। 'ग्रेडिंग सिस्टम' के कारण अब परिणाम C.G.P.A. पर आधारित है। विषयवार परिणाम तैयार किए गए हैं जिसके अन्तर्गत उन विद्यार्थियों के परिणामों पर आधारित है ये तालिका, जिनके परिणाम घोषित हुए है।

**विषयवार परिणाम तालिका :– बी.ए. / बी.एस.सी / बी.कॉम तृतीय वर्ष**

| क्रमांक | विषय | कुल छात्र | उतीर्ण छात्र (घोषित) | महाविद्यालय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेज़ी | 00 | 00 | 00 |
| 2 | हिन्दी | 24 | 24 | 100 |
| 3 | अर्थशास्त्र | 11 | 11 | 100 |
| 4 | राजनीतिशास्त्र | 17 | 17 | 100 |
| 5 | गणित | 27 | 27 | 100 |
| 6 | इतिहास | 19 | 19 | 100 |
| 7 | संगीत | 01 | 00 | – |
| 8 | भूगोल | 21 | 21 | 100 |
| 9 | लोक प्रशासन | 00 | 00 | 00 |
| 10 | संस्कृत | 00 | 00 | 00 |
| 11 | भौतिक विज्ञान | 11 | 11 | 100 |
| 12 | रसायन विज्ञान | 06 | 06 | 100 |
| 13 | जीव विज्ञान | 03 | 03 | 100 |
| 14 | वनस्पति विज्ञान | 06 | 06 | 100 |
| 15 | वाणिज्य | 63 | 63 | 100 |

## केन्द्रीय छात्र परिषद् :

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रति वर्ष 'केन्द्रीय छात्र–परिषद्' के चुनाव आयोजित करता है। हरिपुर महाविद्यालय में 2017–18 के लिए 07 सितम्बर, 2017 को छात्र परिषद् का गठन किया गया जिसका विवरण इस प्रकार है।

## कार्यकारिणी के सदस्य :

| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | – नवीन राणा | सचिव | – शिवानी |
| उपाध्यक्ष | – रचना | सह सचिव | – निताशा |

## मनोनीत सदस्य :–

1. अंशुमन उपाध्याय
2. राहुल
3. सोम लता
4. शिवालिका
5. यश पाल
6. लक्ष्मी
7. सुमित
8. दुष्यंत
9. देव दत
10. अजय
11. नमन नेगी
12. सविता
13. खीम चन्द
14. माया

## छात्रवृतियां :

वित्त वर्ष 2016–17 / 2017–18 के अन्तर्गत अलग–अलग योजनाओं के तहत विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई।

अनुसूचित जाति के अन्तर्गत – छात्रों व छात्राओं, अनुसूचित जनजाति के छात्रों अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं व आई.आर.डी.पी. के छात्र व छात्राओं को डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत निर्धारित धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाता में सीधी डाली गई।

## बजट

| बजट | वेतन | टी.ई. | ओ.ई. | एम.आर. | दैनिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| बजट | 23750000 | 3610 | 115000 | 8496 | 83000 |
| खर्चा | 22601748 | 2786 | 115000 | 8496 | 76340 |
| बकाया | 1148252 | 824 | – | – | 6660 |

## निर्माण कार्य

महोदय, निर्माण को लेकर अब भी कुछ कार्य लम्बित पड़े हैं जिसमें छात्रावास के वार्डन का निवास, रसोईघर व डाइनिंग हॉल का कार्य अभी हाल ही में शुरू हुआ है। बांउडरी वॉल

तथा कॉलेज का मेन गेट जिसके लिए एक करोड़, 36 लाख, तीन हज़ार रूपये हिमुडा के पास जमा किए गए थे, वह कार्य पूर्ण हो चुका है।

## स्थानान्तरण एवं रिक्तियां

महाविद्यालय में सत्र 2017–2018 के दौरान, पो0 नरेश कमल प्रवक्ता, भूगोल विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 ओम प्रकाश ठाकुर ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 मीना कुमारी, प्रवक्ता, जीव विज्ञान का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 मोनिका कुमारी ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 मही योगेश, प्रवक्ता, अंग्रेज़ी, का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 अंजली कुमारी ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 हरिंदर ठाकुर, प्रवक्ता, अर्थशास्त्र का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 शाम सिंह ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 राम सिंह, प्रवक्ता, रसायन विज्ञान का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 राजेश कुमार ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 देछेन छोमो, प्रवक्ता, वाणिज्य और कुसुम लता आज़ाद, प्रवक्ता लोक प्रशासन की महाविद्यालय में नई नियुक्तियां हुई।

श्री परस राम, वरिष्ठ सहायक की महाविद्यालय में नवीन नियुक्ति हुई।

श्री रमेश चन्द, जेएलए, श्री मोहन लाल, एलए और श्रीमति राधा देवी एलए की महाविद्यालय में नवीन नियुक्तियां हुई।

श्रीमती प्रेमा देवी की सेवादार के पद पर नवीन नियुक्ति हुई।

महोदय, जहां तक रिक्तियों का सवाल है, उनमें कार्यालय अधीक्षक, और 2 लिपिक के पद अब भी रिक्त पड़े है तथा इसके अतिरिक्त भौतिक शास्त्र का एक पद अभी भी रिक्त है। नए भवन को बने चार वर्षों से अधिक का समय हो चुका है परन्तु 'स्वीपर' के पद रिक्त पड़े है और पी.टी.ए. पर एक महिला कार्य कर रही है परन्तु इतने बड़े भवन के लिए एक कर्मचारी काफी नहीं है।

– महाविद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है और 'रूसा' के बाद लाइब्रेरी में विद्यार्थियों का आना जाना बहुत अधिक बढ़ गया है और पूरा कार्य एकमात्र पुस्तकालयाध्यक्ष के भरोसे चल रहा है। एक एसिस्टेंट लाइब्रेरियन, एक एटैंडेन्ट, एक रिस्ट्रोरर का पद रिक्त पड़ा है।

– विज्ञान संकाय में भी 1 जे.एल.ए., 3 लैब अटेंडेन्ट के पद रिक्त पड़े हैं। इसी तरह संगीत विभाग में लम्बे समय से तबला वादक नहीं है जिस कारण विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करने में कठिनाई आ रही है।

अन्त में एक और महत्वपूर्ण ज़रूरत जो महसूस की जा रही है वह है–प्राध्यापकों की कमी। इस नई व्यवस्था में एक प्राध्यापक तीनों कक्षाओं को चला पाने में असमर्थ है। विशेषकर जिन विषयों में प्रेक्टिल है, इस कमी के चलते 'रूसा' के उद्धेश्यों को

पूर्ण करना लगभग नामुमकिन है इस कारण विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों को भी अत्याधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## अभिभावक–अध्यापक संघ :

अध्यापकों–छात्रों–अभिभावकों के बीच संवाद कायम करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में 'पी.टी.ए.' का गठन भी प्रतिवर्ष किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां में सहयोग करता है बल्कि साथ ही साथ अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण भी करता है। सत्र 2017–18 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है :–

प्रधान : श्री तोता राम
उपप्रधान : श्री मोहन सिंह
सचिव : श्री कर्म सिंह
सह सचिव : श्री अमर नाथ
कोषाध्यक्ष : श्री मति वीना
मुख्य सलाहकारः श्री लुधर मणि
सदस्य : सभी अध्यापक गण

पी.टी.ए. में एकत्रित कुल धनराशि 369900/– हुई। इसमें से विभिन्न विकासात्मक/सांस्कृतिक गतिविधियों व छात्रों के हितों से जुड़े अन्य कार्यों हेतु कुछ धनराशि व्यय की गई।

## रूसा के अंतर्गत व्यय की गई धनराशि–

## Utilization status of 3rd installment of RUSA Grant

महोदय, रूसा के अन्तर्गत विभिन्न विभागों पर खर्च की गई धनराशि है–4423809

| S.No. | Items | Total Estimated Amount (in Rs) | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Library Table, Bench, Signbord, Dustbin etc | 222955/- | |
| 2 | Geography Lab | 501248/- | |
| 3 | Botany Lab | 773760/- | |
| 4 | Music | 303100/- | |
| 5 | Physics | 706568/- | |
| 6 | Zoology | 746836/- | |
| 7 | Chemistry | 760492/- | |
| 8 | Computer for Departments | 408850/- | |
| | **Total** | **4423809/-** | |

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किए गए कार्यों व व्यय की गई धन राशि के निरिक्षण हेतु तीन सदस्यों की समीति ने 15 सितम्बर, 2016 को महाविद्यालय का मुआयना किया। इस समीति में डॉ. सरोज जसवाल, OSD, Directorate of Higher Education, डॉ. एन. एल.शर्मा, प्राचार्य, रा.म.वि. कुल्लू और डॉ. सविता ठाकुर (प्र. हिन्दी), शामिल थे। समीति के सदस्य रूसा के अन्तर्गत किए गए कार्यों व खरीदे गए सामान की गुणवता से पूर्ण रूप से संतुष्ट थे। उन्होंने यह भी माना कि जो भी कार्य किया गया है, वह विद्यार्थियों व संस्थान के हित को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

## पुस्तकालय :

यदि किसी असाधारण प्रतिभा वाले आदमी से हमारा सामना हो तो हमें उससे पूछना चाहिए कि वो कौन सी पुस्तकें पढ़ता है– इमर्सन

उपरोक्त उक्ति के अनुरूप समय–समय पर महत्वपूर्ण पुस्तकों को पुस्तकालय में शामिल किया जाता रहा है और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि ऐसी पुस्तके जिनसे विद्यार्थियों की सोच–समझ व पठन् – पाठन में रूचि बढ़े, को शामिल किया जाए ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके।

पुस्तकालय अधिकारी श्री उरज्ञान छेरिंग जी की कुशल देख–रेख में कॉलेज के पुस्तकालय का प्रयोग विद्यार्थी निरंतर करते देखे जाते हैं। विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए जाते हैं और उनकी रूचि व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हिन्दी व अंग्रेज़ी की पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया है–

1. हिमाचल व कुल्लू से सम्बन्धित पुरानी दुर्लभ व नवीनतम पुस्तकें लगभग –200
2. 28 फरवरी 2018 तक कुल पुस्तकें–3345 इनमें से 1270 पुस्तकें उपहार एवं दान स्वरूप व 2075 पुस्तकें विभागीय धन से खरीदी गई।
3. सत्र के दौरान जुलाई, 2017 से 28 फरवरी, 2018 तक पुस्तकालय सदस्यों (विद्यार्थी एवं प्रध्यापकों) को कुल 339 पुस्तके निर्गम (issue) की गई।
4. सत्र के दौरान जून, 2017 से 28 फरवरी, 2018 कुल 8845 आगन्तुक पुस्तकालय में पुस्तकें निर्गम करने, पढ़ने व सन्दर्भ के लिए आये।
5. सत्र के दोरान 8 दैनिक समाचार पत्र जिनमें तीन अंग्रेज़ी (Hindu, Times of India और Tribune) पांच हिन्दी (1) अमर उजाला (2) दैनिक जागरण (3) पंजाब केसरी (4) दिव्य हिमाचल (5) दैनिक भास्कर पुस्तकालय में पढ़ने के लिए लगाये है।
6. महाविद्यालय में प्रध्यापकों और विद्यार्थियों की रूची व आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए कुल–

   27 जरनल/पत्रिकाएं/मैगज़ीन नियमित रूप से लगा रखी है जिन में 16 हिन्दी और 11 अंग्रेज़ी के हैं। व्यौरा :–

   1. कुरूक्षेत्र
   2. योजना
   3. आविष्कार
   4. विज्ञान प्रगति

5. अहा! जिन्दगी
6. पुस्तक वार्ता
7. गृहशोभा
8. कादम्बिनी
9. प्रतियोगिता दर्पण
10. हिम प्रतियोगिता संसार
11. पर्यावरण चेतना
12. गिरिराज
13. भृगु तुंग
14. हिमप्रस्थ
15. चन्द्रताल
16. सुमनसौरभ
17. Seminar
18. Economic & Pol.Weekly
19. Business Today
21. Indian Journal of Pure and Applied Math
22. Health & nutrition
23. Down to Earth
24. Better Photography
25. Better Interior
26. Electronics for you
27. University News

7. निम्नलिखित 7 पत्रिकाएं जो हिन्दी व अंग्रेज़ी की महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए दान स्वरूप मुफ्त आती हैं:
   1 हिमतरू 2 हिमशिखर 3 हिमाचल स्टेट आरकाईव्ज़ 4 Inflibnet News Letter 5 वन सन्देश 6 इतिहास दिवाकर 7 अखण्ड ज्योति
8. सत्र 2017–18 के दौरान रूसा ग्राण्ट से महाविद्यालय में चल रहे प्रत्येक विभाग के लिए कुल 4,26,468 रू. के पुस्तकें खरीदी गई जिनका परिग्रहण व अन्य टेकनिकल कार्य आजकल पुस्तकालय में चल रहा है।
9. सत्र 2017–18 के लिए सर्वाधिक पुस्तके ग्रहण करने के लिए शुभम, बी.ए. द्वितीय (चतुर्थ सत्र) कॉर राजनीति विज्ञान रोल न0 1160390077 व सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालय पाठक के लिए भावना भारती, बी.ए. प्रथम (द्वितीय सत्र) कॉर राजनीति विज्ञान को चुना गया है।

## पत्रिका 'मनुधरा'

पठन–पाठन में रूचि बढ़ाने, लेखकीय प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से पत्रिका मनुधरा बहुत उपयोगी सिद्व हुई है। पिछले अंक इस बात के प्रमाण रहे हैं प्रयत्न रहा है कि पत्रिका में केवल मौलिक लेख छपें। संपादक मण्डल विशेष तौर पर इस बात के प्रति सजग रहता है। 11 साल के इस अन्तराल में इस बार पत्रिका का नौंवा अंक प्रकाशित होगा जिसमें वर्ष 2017–18 अंक के लिए चयनित संपादक मंडल का ब्यौरा इस प्रकार है :–

मुख्य संपादकः डॉ. उरसेम लता

| विषय | अध्यापक संपादक | छात्र संपादक |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | प्रो0 लीना वैद्य | रिशभ सोनी |
| हिन्दी | डॉ0 उरसेम लता | शोभा |
| पहाड़ी | प्रो0 ओम प्रकाश | कान्ता देवी |
| संस्कृत | प्रो0 जीत राम | अंशुमन उपाध्याय |
| योजना मंच | प्रो0 डाबे राम | इंदरदेव |
| विज्ञान | प्रो0 करम सिंह | यशोधा |

## 'प्राचार्य का सम्बोधन'

5 जुलाई, 2017 को महाविद्यालय में प्राचार्य श्री शमशेर सिंह ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और रूसा की जानकारी के अतिरिक्त वर्ष भर में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को पढ़ाई व अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद्
## "NAAC"

महोदय, 2006 में खुले इस महाविद्यालय की यह बड़ी उपलब्धि है कि मात्र 11 सालों के भीतर प्रशासन ने इस बार 18–19 सितम्बर, 2017 को NAAC की टीम को आमन्त्रित किया था। टीम ने कॉलेज को 2.44 अंको के साथ बी ग्रेड प्रदान किया। उक्त ग्रेड पहली ही बार में इतने कम प्राध्यापकों व संसाधनों के होते हुए भी महाविद्यालय अर्जित करने में कामयाब रहा। हमारा प्रयत्न है कि हम सभी उन मापदण्डों को पूरा करने की दिशा में कार्य करेंगे ताकि अगली बार बेहतर ग्रेड की ओर बढ़ा जा सके।

## 'अग्निशमन कार्यशाला'

अग्निशमन कार्यशाला (Fire Fighting works) महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में 25 जुलाई, 2017 को अग्निशमन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बेहद रोचक तरीके से अग्निशमन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। तथा विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया। उक्त कार्यशाला में आपदा की स्थिति से बचने के उपायों पर विद्यार्थियों को व्यवहारिक तरीके भी सिखाए गए।

## 'ड्रग्स, महिलाओं के विरूद्व हिंसा पर वक्तव्य'

महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में 29 जुलाई, 2017 को डी.एस.पी. मनाली श्री पुनीत रघु न ट्रेफिक के नियमों एवं महिलाओं के विरूद्व होने वाली हिंसा पर विचार प्रस्तुत किए और विद्यार्थियों को जागरूक रहने, मानसिकता में बदलाव लाने और नए ढंग की सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## ‘महिला प्रकोष्ठ’

– महाविद्यालय की विमेन सेल पिछले कुछ वर्षों से ‘पर्सनल हाइज़ीन’ के अतिरिक्त नारी सशक्तिकरण जैसे मुद्धों पर छात्राओं को जागरूक करने हेतु समय–समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। इस वर्ष हिमाचल महिला आयोग के निर्देश पर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में नारी के विरूद्व होने वाली हिंसा या आमजन की मानसिकता को ध्यान में रखते हुए वाद–विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें नारी समस्या व सशक्तिकरण के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। 8 मार्च, 2018 को ज़िला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू द्वारा आयोजित ‘विश्व महिला दिवस’ पर कुल्लू में हुई प्रतियोगिताओं में कॉलेज की टीम ने रंगोली में दूसरा व मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## कॉलेज लीगल सर्विस क्लिनिक :

प्रो0 ज्योतिचरन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में 3 अगस्त, 2017 को “Human Trafficking and Antiragging” विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य न्यायिक मज़िस्ट्रेट श्री मोहित बंसल, अधिवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा व तेजासिंह ने वक्तव्य प्रस्तुत किए।

## करियर गाइडैंस और कांउसलिंग सैल :

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने हेतु औपचारिक शिक्षा से रोजगार प्राप्त करने के अतिरिक्त कॉलेज की रोवर रेंजर्स टीम व राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों के लिए स्वयं रोजगार पैदा करने हेतु विभिन्न कार्यशालाएं पिछले दो सालों से चलाई जा रही है। विद्यार्थियों को “Healing Himalya” N.G.O. व NABARD के साथ जोड़कर स्वयं रोजगार करने की ओर भी प्रोत्साहित करते हुए Self Help Groups बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 17 मार्च, 2018 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के वाणिज्य विभाग के प्रो. ऋषि के द्वारा PPT के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पर्यटन उद्योग से जुड़े श्री रितेश सूद ने पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर जानकारी दी और अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए इस तरह के पर्यटन की संभावनाओं को अपने अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## इतिहास विभाग :

9 मार्च, 2017 को इतिहास विभाग के प्रो0 ज्योतिचरण चौहान के दिशानिर्देश में ‘प्राचीन भारतीय इतिहास’ की महत्वपूर्ण उक्तियों पर विद्यार्थियों ने अपनी रूचि के अनुरूप उक्तियों पर 10 विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए जो बहुत उत्साहवर्द्धक अनुभव रहा।

## हिन्दी पखवाड़ा :

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 सितम्बर को महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में हिन्दी दिवस मनाया गया। 1 सितम्बर से हिन्दी पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, गीति पोस्टर, अधूरी कविता पूरी करो, अधूरी कहानी पूरी करो, सुलेख प्रतियोगिता, प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त 14 सितम्बर को 'शब्द भण्डार' प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें हॉल में उपस्थित वस्तुओं को ध्यान में रखते हुए शब्दों को हिन्दी में लिखना एक रोचक अनुभव रहा।

## 'थियेटर कार्यशाला'

रंगमंच की बारीकियों के बारे में महाविद्यालय के रंगकर्मी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने हेतु पिछले कई वर्षों से रंगमंच सम्बन्धी कार्यशालाओं का आयोजन महाविद्यालय पी.टी.ए के सहयोग से करता रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम आते रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी नरेन्द्र वर्मा, रंगकर्मी के निर्देशन में 15 दिवसीय आवासीय थियेटर कार्यशाला का आयोजन अगस्त माह में डॉ0 उरसेम लता की देख–रेख में किया गया। जिसमें एक नाटक, मूक अभिनय व हास्य नाटिका के माध्यम से अभिनय, रंगमंचीय साज सज्जा, मेकअप व रंगमंचीय संकेतो की विस्तृत जानकारी दी गई।

## 'फिल्म प्रदर्शन'

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को समय–2 पर शिक्षाप्रद फिल्मों से भी अवगत करवाया जाता है और समय–2 पर उन फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता है जो विदयार्थियों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में ज़रूरी होते हैं। 15 अगस्त को 'स्वतन्त्रता दिवस' के अवसर पर राज्यसभा के ''संविधान'' वृतचित्र का प्रदर्शन किया गया। इसी वर्ष 2 सितम्बर, 2017 को Making of Mahatma फिल्म का प्रदर्शन सेमिनार हॉल में किया गया। इसके अतिरिक्त 16 मार्च, 2018 को सेमिनार हॉल में तीन लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया जिसमें आलोचक समीक्षक डॉ. निरंजनदेव शर्मा, प्रतिमा शर्मा व नीलम कपूर सूद ने विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया।

## 'शैक्षणिक यात्राएं'

महाविद्यालय की पत्रिका में मौलिक रचनाओं को जगह देने व विद्यार्थियों में लेखन व शोध के प्रति रूचि जागृत करने हेतु समय–2 पर शैक्षणिक यात्राओं का आयोजन किया जाता है जिसमें 'हिन्दी विभाग' के विद्यार्थी 'विषय' निर्धारित करके छोटी–2 यात्राओं पर निकलते हैं और सामग्री एकत्र करते हैं इस वर्ष भेड़–बकरी पालन से जुड़े गद्दी (फुआलों) के जीवन व उनके संघर्षो को और आर्थिकी को जानने के उद्देश्य से अक्टूबर, 2017 से उक्त यात्राएं शुरू की गईं। इसके अतिरिक्त भूले बिसरे महत्वपूर्ण व्यक्तियों, मनाली की एतिहासिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के साथ–साथ अंग्रेज़ों पर बने लोकगीतों, अरछण्डी की देवी ''कालीओड़ी'' आदि विषयों पर सर्वेक्षात्मक अध्ययन इस बार की यात्राओं में किया जा रहा है।

## 'पहाड़ी चित्रकला प्रतियोगिता'

4 अक्टूबर, 2017 को भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू द्वारा दशहरे के अवसर पर एक पारम्परिक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कलाकेन्द्र में किया गया जिसमें महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने डॉ0 उरसेम लता की देख–रेख में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाद्यालय के सुरेश सोनी को ज़िले भर में दूसरा पुरूस्कार प्राप्त हुआ।

## 'क्रीडा दिवस'

महोदय, महाविद्यालय जब से खुला है, फिज़िकल एजुकेशन की पोस्ट नहीं मिल पाई है। इस विभाग के न होने से महाविद्यालय के वे विद्यार्थी जो लाभ ले सकते थे नहीं ले पा रहे। इस क्षेत्र में वॉलीवॉल में प्रतिवर्ष हमारे विद्यार्थी सेमी फाइनल तक पहुंच जाते है, परन्तु सही प्रशिक्षण के अभाव में विद्यार्थी इस लाभ से वंचित हैं। परन्तु फिर भी महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो0 जीत राम के दिशानिर्देश में हर साल वॉलीवाल की प्रतियोगिता में विद्यार्थी महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

प्रो0 जीत राम की देख–रेख में व अन्य प्राध्यापको के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय परिसर में 'क्रीड़ा दिवस' का आयोजन किया गया। जिसमें 2 दिसम्बर, 2017 को वॉलीवॉल, गोलाफेंक, चक्का फेंक, लम्बी कूद, ट्रिपल जम्प, 100 मी. दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और पुरस्कार अर्जित किए।

## 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस'

25 जनवरी, 2018 को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य श्री शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान सम्बन्धी जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए मतदान के महत्व पर और लोकतन्त्र के लिए मतदान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## 'रेड रिबन क्लब'

राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में रेड रिबन क्लब पिछले दो सालों से डॉ0 उरसेम लता की देख–रेख में सक्रिय है। क्लब ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'एड्स जागरूकता' को ध्यान में रखते हुए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन, रैली व नुक्कड़ नाटक के अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। ज़ोनल अस्पताल कुल्लू द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के लिए ये प्रसन्नता का विषय है कि महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब की टीम को ज़िले भर में प्रथम स्थान मिला जिसे विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी के हाथों गेयटी थियेटर शिमला में प्राप्त किया।

## 'विज्ञान दिवस'

28 फरवरी, 2018 को डॉ0 मानसिंह राणा की देख–रेख में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में प्राचार्य की अध्यक्षता में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'विज्ञान दिवस' पर प्रकाश डालते हुए प्रो0 करम सिंह ने सबसे पहले नोबेल पुरस्कार विजेता श्री सी.वी.रमन के व्यक्तित्व व उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पॉवर पवांइट प्रेज़ेन्टेशन के माध्यम से विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने 6 टीमों के रूप में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया और अंत में पुरस्कार भी अर्जित किए। इस अवसर पर संयोजक डॉ0 मानसिंह राणा के अतिरिक्त विज्ञान संकाय के प्रो0 कर्मसिंह, प्रो0 राजेश कुमार, प्रो0 मोनिका कुमारी और प्रो0 राजेश सिंह भी शामिल हुए।

## 'इको क्लब'

'इको क्लब' ने 12 अगस्त, 2017 को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया तथा बॉटेनीकल गार्डन में लुप्त प्राय प्रजातियों, जड़ी बूटियों तथा अन्य सजावटी पौधों को रोपकर बॉटेनीकल गार्डन का शुभारम्भ किया।

## 'यंग हरिपुर' ग्रुप

2015 में डॉ. पी.पी.कायस्था के सुझावानुसार महाविद्यालय में डॉ. उरसेम लता की अध्यक्षता में महाविद्यालय के उत्साही छात्र–छात्राओं का एक समूह 'यंग हरिपुर' नाम से गठित किया गया और महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के लिए एक वार्षिक कैलेंडर बनाया गया। ग्रुप महाविद्यालय के प्रशासन के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में तत्पर है।

1. यंग हरिपुर ग्रुप के सभी सदस्यों ने सत्र 2017–18 का आगाज़ कॉलेज के नवनिर्मित ओपन थियेटर की साफ–सफाई के अतिरिक्त उस भूमि को समतल करके आउट गोइंग बैच के साथ मिलकर सुन्दर क्यारियां बनाकर उस स्थल का सौन्दर्यीकरण किया गया। और मंच के साथ एक चिनार का पौधा रोपा गया।

2. 19 सितम्बर, 2017 को **"NAAC"** की टीम के समक्ष यंग हरिपुर के सदस्यों ने महाविद्यालय के म्युज़ियम में रखी पुरानी समाप्त हो रही चीज़ों की जानकारी उसी रूप में सामने रखी जिस रूप में वर्षों पहले लोग प्रयोग किया करते थे। जो बहुत रोचक अनुभव टीम के लिए रहा।

3. महाविद्यालय के नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु एक फ्रेशरर्स़ पार्टी का आयोजन भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य रा.म.वि. सैंज ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## 'संवाद कुल्लू' के साहित्यिक आयोजन

ज़िला पुस्तकालय में मार्च 2015 से चले आ रहे एक साहित्यिक मंच 'संवाद–कुल्लू' के साथ महाविद्यालय पिछले 3 वर्षों से साहित्यिक आयोजनों में सम्मिलित होता रहा है। इस वर्ष भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न सत्रों में भाग लिया। 11 फरवरी, 2018 को बालमुकुन्द गुप्त और स्वाति चौहान की रचनाओं पर आधारित संवाद में महाविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषा संस्कृति विभाग सोलन द्वारा आयोजन में श्रीलाल शुक्ल की रचनाओं पर आधारित साहित्यिक आयोजन में महाविद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने पत्र प्रस्तुत किए व कवि सम्मेलन में भाग लिया।

## युवा उत्सव :

हि.प्र.वि.वि. द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यार्थी प्रतिवर्ष भाग लेते रहे हैं। इस बार समूह 2 की टीम ने महाविद्यालय की ओर से रा. म.वि. धर्मशाला में हुई संगीत की प्रतियोगिताओं में डॉ0 कविता कटोच की देख–रेख में लोकगायन, समूहगायन, गज़लगायन जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और लोकगायन की श्रेणी में वरूण को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## सेमिनार

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रो0 राजेश कुमार सिंह व हिन्दी विभाग की डॉ0 उरसेम लता के दिशानिर्देश में संयुक्त रूप से 1–2 अक्टुबर, 2017 को महाविद्यालय में ज़िला सांस्कृतिक परिषद् के सहयोग से एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसका विषय था – 'बनते राष्ट्र में गांधी की भूमिका' जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रवक्ता डॉ0 शशिभूषण मुख्य वक्ता के रूप में हमारे बीच उपस्थित हुए। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस, हंसराज कॉलेज, गार्गी कॉलेज, पंजाब विश्वविद्यालय व यू.टी.आई. चण्डीगढ़ से, कुल्लू ज़िला के समस्त महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 1 अक्टूबर को संगोष्ठी सुबह 10 बजे से रात 9.30 बजे तक चली जिसमें विद्यार्थियों ने खेल–खेल में आपसी परिचय, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (गांधी पर) गांधी के समस्त जीवन पर ''विजुअल क्विज़'' प्रतियोगिता तथा गांधी दर्शन के पक्ष विपक्ष पर अपने पत्र प्रस्तुत किए और गांधी के विचारों की प्रासंगिकता पर वे सब सवाल किए जो उन्हें बदलते समय के साथ महसूस होते हैं।

इस अवसर पर गांधी के जीवन पर आधारित एक फिल्म रात 7 बजे दिखाई गई। 2 अक्टूबर, 2017 को डॉ0 शशिभूषण का परिचय देते हुए प्रो0 राजेश कुमार सिंह ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया और तत्पश्चात् डॉ0 शशिभूषण ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा व उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और एक लम्बा वक्तव्य दिया जो दो घंटे चलने के बाबजूद सदन को बांधे रखने में कामयाब हुआ। सेमिनार के अंत में प्रो0 सोम नेगी (सैंज) प्रो0 स्नेह राजगौड (कुल्लू) डॉ0 निर्मला सिंह (कुल्लू) ने गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तों' गाकर संगोष्ठी का समापन किया। इस संगोष्ठी का यह लाभ हुआ कि दिल्ली से लेकर गाड़ागुशैणी तक के विद्यार्थी एक दूसरे के सम्पर्क में आए। रात में 'कैम्प फायर' के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी आपसी मेलमिलाप को बढ़ाने हेतु किया गया। इस अवसर पर गाड़ागुशैणी से प्रो0 प्रोमिला व

प्रो0 सन्नी नेगी, सैंज़ से प्रो0 सोम नेगी व प्रो0 सन्नी ठाकुर, कुल्लू से प्रो0 निर्मला सिंह व प्रो. स्नेह राजगौड़ ने गोष्ठी में भाग लिया।

मानवता की सेवा करने वाले हाथ उतने ही पवित्र होते हैं जितने परमात्मा की प्रार्थना करने वाले होंठ – प्रस्तुत उक्ति एन.एस.एस. और रोवर्स रेंजर्स जैसे छात्र समूहों पर एकदम सटीक बैठती है। महाविद्यालय में दोनों छात्र समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियां इसका प्रमाण है।

## रोवर्स एवं रेंजर्स

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में मई, 2015 में प्राचार्य डॉ.पी.पी. कायस्था जी के प्रयासों से रोवर्स रेंजर्स की पहली इकाई तैयार की गई। जब से यह ईकाई इस कॉलेज में बनी है तभी से इसके रोवर्ज़ व रेंजर्ज दिन प्रतिदिन अपने ही कार्यों के द्वारा अपने लिए एक नई चुनौती तैयार कर उसे पूरी लगन से पूरा कर रहें हैं। इनके द्वारा इस वर्ष किये गए कार्यों की समीक्षा निम्नलिखित है :–

–24 से 26 जुलाई, 2017 : स्वच्छ भारत अभियान

– 17 मार्च : ''वृक्ष बचाओ'' जिसमें कॉलेज ग्राउंड में देवदार के पेड़ की जड़ों को चबुतरा बनाकर बचाया गया। इसमें पूरी युनिट ने काम किया।

– 10 अप्रेल, 2017 : वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में ''बेटी है अनमोल'' पर समूहगान गाया।

– 27 मई, 2017 : "Duty to Mother " के अन्तर्गत पूरी युनिट ने छुटटी वाले दिन कॉलेज में पौधे , जंगल से प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को NGO " Healing Himalyas" के साथ मिलकर साफ किया एवं लगभग 4 जीप कचरे को नगर परिषद् कुल्लू के सहयोग से सही ढंग से निपटाया।

– 21 जून, 2017 : विश्व योग दिवस मनाया।

– 30 जून से 6 जुलाई : कॉलेज रोवर्ज़ ने राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेकिंग एवं हाइकिंग में न केवल भाग लिया अपितु 1 दिन के लिए कॉलेज ने सभी टीमों को ठहरने का प्रबन्ध भी किया।

– 20 जुलाई, 2017 : को युनिट ने Messages of Peace की कार्यशाला का आयोजन किया।

– 26 जुलाई, 2017 : Disaster Management के गुर कॉलेज के अन्य बच्चों के साथ सीखे।

– 27 जुलाई, 2017 ': हम हर वर्ष राखी के दिन "Duty to God" के अंतर्गत बिजली महादेव मन्दिर में जाकर पूरा दिन पूरे मन्दिर परिसर की साफ–सफाई करके प्लास्टिक के कचरे को साफ करते हैं।

– 1 अगस्त, 2017 : युनिट ने '' विश्व स्कार्फ दिवस'' मनाया।

– 1 सितम्बर, 2017 से 10 सितम्बर, 2017 : 10 दिवसीय जिसमें ठोस बस्तुओं को सुन्दर, सजावटी सामान में बदलने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

– 20 सितम्बर, 2017 : "Duty to Self" के अन्तर्गत रोवर्ज़ रेंजर्ज़ के कमरे को रंगकर सुन्दर बनाया।

– 1 अक्टूबर, 2017 : दशहरे में कॉलेज के रोवर्ज़ व रेंजर्स ने गीतिनाटिका प्रस्तुत की जिसमें महाविद्यालय के रोवर्ज़ रेंजर्स टीम के साथ स्लम एरिया के बच्चों ने मिलकर प्रस्तुतियां दी।
– 19 अक्टूबर, 2017 : अग्निशमन विभाग कुल्लू के साथ दीपावली मनाई गई।

– **प्रोजेक्ट समर्थ II** : इस प्रोजेक्ट ''समर्थ II'' में हम 1 साल से हर रविवार को स्लम एरिया के बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक विकास की गतिविधियां करते हैं और उनकी पढ़ाई में भी सहायता करते हैं। अभी तक हमने उनके लिए 5 बार ''कपड़ा बैंक'' के तहत कपड़ों का वितरण किया है, एक बार पूरे स्लम एरिया के लोगों के लिए निःशुल्क मैगा ''हैल्थ कैंप'' लगाया है। 2 बार ''हैण्डीक्राफ्ट वर्कशॉप'' लगाकर बच्चों में रोज़गार प्राप्ति जैसे अनगिनत कार्य किए है, तथा सभी सरकारी कार्यों जैसे पोलियो भगाओ अभियान, स्वच्छ भारत अभियान आदि कार्योक्रमों में उन्हें जागरूक किया है। सबसे अहम बात कि इस प्रोजेक्ट को हरिपुर रोवर्ज़ व रेंजर्स युनिट के बच्चों एवं प्रोजेक्ट डायरेक्ट प्रो0 ज्योति चरण के द्वारा अपने खर्चे से चलाया जा रहा है।

**–राज्य स्तरीय रोवर्स व रेंजर्स मूटः** दिसम्बर, 2017 में राज्य स्तरीय रोवर्स एवं रंजर्स मूट में ओवर आल चेम्पियन की ट्राफी पर कब्ज़ा किया जिसमें कॉलेज ने 6 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर राज्य स्तर में दिखाया कि संसाधनों के अभाव में भी कैसे जीता जाता है। पहली बार हरिपुर कॉलेज ने भाग लिया एवं पहली ही बार ओवर आल ट्राफी भी जीती।
फरवरी, 2018 में एक बार फिर से ''ओवर आल चेम्पियन'' के खिताब को हासिल किया। इस बार यह खिताब 3 कॉलेज रा.म.वि. कुल्लू, रा.म.वि.सीमा एवं रा.म.वि. हरिपुर कॉलेज के नाम रहा। हमारी कोशिश है कि एक और नया प्रोजेक्ट पतलीकुहल कॉलेज के नज़दीक कहीं चलाएं। यहां यह बताना भी ज़रूरी हो जाता है कि महाविद्यालय में विद्यार्थी व रोवर्स रेंजर्स लीडरज़ कम संसाधनों में भी महत्वपूर्ण कार्य करने में तत्पर है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई डॉ0 उरसेम लता के दिशा निर्देश में कार्य कर रही है। इस वर्ष भी 50 छात्र–छात्राएं इस ईकाई में पंजीकृत हुए और इकाई ने सत्र के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां की।

1. विश्व योग दिवस का आयोजन :
   – 21 जून, 2017 को महाविद्यालय प्रांगण में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें शांति कुंज हरिद्वार के योग प्रशिक्षक के दिशानिर्देश में प्राचार्य सहित प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने योग दिवस मनाया।
2. छात्राओं की व्यक्तिगत साफ–सफाई पर गोष्ठी :
   –4 जुलाई को परीक्षा हॉल में कॉलेज की सभी छात्राओं की Personal Heigne पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।
3. भांग उखाड़ो अभियान :
   – 8 जुलाई, 2017 को सरकारी आदेशों के अनुसार महाविद्यालय के मैदान के अतिरिक्त गज़ाँ, मंसारी, हरिपुर, सोइल गाँवों के आस–पास की भांग उखाड़ी गई।

4. विद्यार्थियों के लिए पार्किंग का निर्माण :

– 15 जुलाई, 2017 विद्यार्थियों की गाड़ियों के लिए महाविद्यालय भवन के बाईं ओर भूमि समतल करके पार्किंग का निर्माण किया गया।

5. बौटेनिकल गार्डन में पौधारोपण :

– 22 जुलाई, 2017 को महाविद्यालय के बौटेनिकल गार्डन में पुराने पौधों की छंटाई करके नए पौधों को रोपा गया।

6. फायर फाइटिंग वर्कशॉप :

– 25 जुलाई को सेमिनार हॉल में अग्नि सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन मनाली अग्निशमन कार्यालय के साथ मिलकर आयोजित किया गया।

7. ड्रग एडिक्शन/क्राइम अगेन्स्ट वीमन व ट्रेफिक नियमों पर सेमिनार :

– 29 जुलाई को सेमिनार हॉल में D.S.P. Manali श्री पुनीत रघु ने विद्यार्थियों को इन ज्वलन्त समस्याओं के प्रति जागृत किया और विद्यार्थियों के साथ सीधा सम्वाद स्थापित किया।

8. स्वच्छता पखवाड़ा : (1–15 अगस्त, 2017) के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर, स्कूल के बाहर व आसपास के चार गाँवों में नालियों, सड़कों व मंदिरों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया, का ब्यौरा विस्तृत रूप से दिया गया है।

– 1 अगस्त– स्वच्छता शपथ

– 2 अगस्त– ओपन थियेटर में सफाई व क्यारियां बनाकर फूल व हैजिज़ रोपकर सौन्दर्यीकरण

– 3 अगस्त– स्कूल की तरफ की झाड़ियों की कटाई

– 4 अगस्त– महाविद्यालय की इमारत की सफाई

– 5 अगस्त– विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं की सफाई

– 6 अगस्त– स्वच्छता रैली मंसारी/गंजा/हरिपुर/सरसेई गांव तक

– 7 अगस्त– सोइल–मंदिर व गांव में सफाई

– 8 अगस्त– दोचा मोचा मंदिर की सफाई

– 9 अगस्त– मंसारी गांव से पेट्रोल पम्प के बीच नालियों व झाड़ियों की सफाई

– 10 अगस्त– हरिपुर गांव की नालियां व रास्तों की सफाई

– 11 अगस्त– पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता द्वारा स्व्च्छता सम्बन्धी जागरूकता

– 12 अगस्त– महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के समक्ष बनी वाटिका में खरपतवार साफ करके पौधों की कटाई छंटाई

– 13 अगस्त– पौधारोपण

– 14 अगस्त– नारालेखन प्रतियोगिता का आयोजन

– 15 अगस्त– सवतन्त्रता दिवस का आयोजन/रंगोली/फिल्म का प्रदर्शन/स्वतन्त्रता संग्राम में महिलाओं की भागीदारी पर पत्र प्रस्तुतिकरण

9. सदभावना शपथ :

– 19 अगस्त– सद्भावना शपथ का आयोजन, कमरा न0 303 में प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों और अध्यापकों को सदभावना शपथ दिलाई गई।

10. स्वयं सहायता समूहों की बैठक :

– 18/19 अगस्त, 2017– नाबार्ड के साथ बनाए गए स्वयं सहायता समूह की सभा– सेउबाग में विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया

11. पौधारोपण :

– 22 अगस्त– वन विभाग के साथ सोमवन में पौधारोपण महाविद्यालय के मैदान में काटी हुई झाड़ियों को जलाकर पुनः सफाई की गई।

12. काटी हुई झाड़ियों की पुनः सफाई :

– 26 अगस्त – भाड़का,सोइल व कॉलेज कैम्पस की स्वच्छता पखवाड़े के दौरान काटी हुई झाड़ियों को जलाकर साफ किया गया।

13. फिल्म का प्रदर्शन :

– 2 अक्टूबर को प्रस्तावित सेमिनार हेतु विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए रिचर्ड–एटनबरो की फिल्म 'गांधी' का प्रदर्शन 2 सितम्बर को सेमिनार हॉल में किया गया।

14. कॉलेज म्यूज़ियम का सौन्दर्यीकरण कॉलेज ग्राउंड की घास कटाई व क्यारियों का निर्माण :

– 9 सितम्बर को कॉलेज के ग्रांउड में उगी लम्बी–2 घास काटकर सोइल गांव व मंसारी गांव के लोगों को चारे हेतु दी गई। साथ ही पहले से बनी क्यारियों में खर–पतवार निकालकर पुराने पौधों की कटाई–छंटाई व नए पौधे रोपे गए और कॉलेज के म्यूज़ियम में नई वस्तुएं जोड़कर म्युज़ियम का सौन्दर्यीकरण किया गया।

15. 2 दिसम्बर, 2017 को महाविद्यालय की इमारत के भीतरी भाग में रोपे गए पौधों की खर–पतवार हटाकर गमलों में लगे पौधों की मिटट्ी बदलकर पुनः नए तरीके से टैरेस गार्डन तैयार किया गया।

16. महाविद्यालय के उभरते कलाकारों को चित्रकला सम्बन्धी बारीकियों की जानकारी देने हेतु चित्रकला विशेषज्ञ के रूप में मनाली से हीरालाल के दिशानिर्देश पर एक सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 13 से 19 मार्च, 2017 के मध्य किया गया जिसमें बनाई गई कलाकृतियों से महाविद्यालय के भवन की दीवारों को सजाया गया।

एन.एस.एस. की सबसे बड़ी उपलब्धि लगातार दो वर्षों से कॉलेज के स्वयंसेवियों का गणतन्त्र दिवस परेड में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करना है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय के स्वयंसेवी ओमप्रकाश ने कॉलेज की ओर से राजपथ पर हुई गणतन्त्र दिवस परेड में हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया।

31 मार्च, 2017 को पूरे हिमाचल भर से सूमित ने National Confrence नई दिल्ली विज्ञान भवन में भाग लिया।

एन.एस.एस. के स्वयंसेवी ओम प्रकाश ने जनरल जोरावर सिंह रा.म.वि. धनेटा हमीरपुर में 7 दिवसीय कैम्प में भाग लिया।

4 जून से 7 जून, 2017 को नेहरू युवा केन्द्र कुल्लू में ज़िला रैड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित मेले में महाविद्यालय के सुमित, बलराम, रूप चन्द, व सुरेश सोनी, ने भाग लिया और 5 जून को सुमित, बलराम, रूपचन्द ने रक्तदान किया। इसी मेले में रंगोली प्रतियोगिता

में 'पर्यावरण' पर ज़िले भर में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। जिसमें सुरेश, सुमित और बलराम ने सामूहिक रूप से भाग लिया।

1 अप्रैल से 6 अप्रैल, 2017 तक हमीरपुर के बन्नी में राष्ट्रीय एकता शिविर में कुल्लू ज़िले से एकमात्र स्वयंसेवी के रूप में सुमित ने भाग लिया।

11.08.2017 को महाविद्यालय कुल्लू में ज़िलाधीश कुल्लू 'युनुस' द्वारा संवोधित करियर काउँसलिंग कार्यशाला में हरिपुर कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवियों सुमित, साहिल, मिताली, शीतल, जागृति, देव्यानी, हरिप्रिया, बलराम, लालसिंह, पिताम्बर, सुरेश सोनी, मानव छाबड़ा ने हिस्सा लिया।

12 जनवरी से 16 जनवरी, 2018 तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिमाचल का प्रतिनिधित्व सुमित ने किया। जो ग्रेटर नोएडा, उतर प्रदेश में सम्पन हुआ। राष्ट्रीय एकता शिविर रा.म.वि. सीमा, रोहड़ू कॉलेज में कुल्लू ज़िला से दो विद्यार्थियों – सुमित व साहिल शर्मा ने 6 अक्टूबर, 2017 से 12 अक्टूबर, 2017 में भाग लिया। इस कैम्प में सुमित को Best Yoga Performer का पुरस्कार मिला।

9 नवम्बर, 2017 को हुए विधानसभा चुनाव के दिन महाविद्यालय के स्वयंसेवियों सुमित, सिमरन, पमिला, कविता राकेश, गोपाल, बिमला, सन्तोष, सारिका, सपना, बलराम भल्ला, दुष्यन्त और राजन दत ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

22 जनवरी, 2018 को महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों – सुमित, हिमांशु, खेमराज, दुष्यन्त ने 'रेड रिबन क्लब' हरिपुर को ज़िला में प्रथम रहने के लिए मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी से पुरस्कार प्राप्त हुआ।

– **वार्षिक शिविरः** एन.एस.एस. का वार्षिक शिविर 13 से 19 मार्च के बीच लगाया गया जिसमें दो कार्यशालाएं– पेंटिंग व व्यर्थ वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं तैयार करने सम्बन्धी प्रतिदिन चलाई गई और दोपहर बाद प्रतिदिन दो से तीन स्रोतविदों को विद्यार्थियों के साथ संवाद हेतु बुलाया गया। शाम के समय दो सत्र चलाए गए जिसमें पहले सत्र में रीडिंग सेशन्ज़ चले जिसमें पुस्तकों को पढ़ने के बाद प्रत्येक ग्रुप द्वारा चयनित पुस्तक पर समीक्षाएं प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया। शाम के दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर को 6 भागों में बांटकर पौधारोपण पहले से बनाई गई क्यारियों की देखभाल व नए फूलों को रोपने की ज़िम्मेदारी प्रत्येक ग्रुप को देकर महाविद्यालय का सौन्दर्यीकरण किया गया। इस अवसर पर 6 दिनों तक निम्नलिखित स्रोतविदों ने वक्तव्य प्रस्तुत किए।

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू से डॉ. मही योगेश, प्रो. स्नेह राजगौड़, डॉ. मीना चौधरी, प्रो. राकेश राणा, प्रो. निर्मला सिंह, प्रो. ऋषि, कवयित्री इशिता आर गिरीश, संवाद कुल्लू से निरंजनदेव शर्मा, प्रतिमा शर्मा, नीलम कपूर सूद, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से सीमा आज़ाद, श्रेया भारद्वाज पीएनबी मनाली से गोपाल कृष्ण, आकाशवाणी गायिका सरला चम्बयाल तथा हरिपुर कॉलेज से प्रो. राजेश कुमार सिंह, प्रो. ज्योतिचरण चौहान, प्रो. कुसुमलता आज़ाद तथा शिवाद्या कॉटेज करंजा से श्री रितेश सूद ने विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया।

पेंटिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों ने आर्टिस्ट आर.डी. हीरालाल (मनाली) से पैलेट नाइफ पेंटिंग के माध्यम से नेचर पेंटिंग पर आधारित बारीकियां सीखी तथा महाविद्यालय की इमारत की दीवारों पर बनाई गई पेंटिंग्ज़ को सजाया गया।

दूसरी कार्यशाला ''बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट'' (Best out of Waste) के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने बहुत सी सुन्दर व उपयोगी वस्तुएं बनानी सीखी और इस्तेमाल करने के लिए व बिक्री के लिए रोजगार के रूप में अपनाने का उत्साह भी ज़ाहिर किया।

तीसरी कार्यशाला गमले में लगे फूलों की वैज्ञानिक तरीके से देखभाल के अतिरिक्त व्यर्थ पड़ी बोतलों व डिब्बों आदि में फूलों के उगाने के तरीके, बीजों की देखभाल तथा दो अलग–अलग फूलों से नए फूलों को तैयार करने सम्बन्धी कार्यशाला में सरला चम्बयाल से पौधों की देखरेख की बारीकियां सीखी।

## प्राध्यापकों की उपलब्धियां

### डॉ. राजेश सिंह (राजनीति विज्ञान)

– राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक श्री राजेश कुमार सिंह ने सत्र के दौरान 'बनते राष्ट्र मे गांधी की भूमिका' विषय पर राजनीतिविज्ञान व हिन्दी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में संगोष्ठी सचिव के रूप में भाग लिया और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों से विचार विमर्श के उपरान्त उन्हें संगोष्ठी का हिस्सा बना कर संगोष्ठी को सफल बनाया गया। इस अवसर पर दूसरे दिन के पहले सत्र को भी संबोधित किया।

राजनीति विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के तत्वावधान में ''भारतीय संविधान परिभाषा कोष'' के निर्माण के लिए पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 14 से 18 जून, 2017 को किया गया। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के भाषा विज्ञानी एवं संविधान विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में संविधानिक शब्दावलियों पर मंथन हुआ और पूर्व में चयनित करीब 40 शब्दों की तर्कसंगत व तथ्यपरक परिभाषाएं तय की गई। इसके अतिरिक्त करीब 200 ऐसे नए शब्द भी परिभाषा कोश में शामिल करने के लिए चयनित किए गए जिनका शासकीय महत्व है।

राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो0 राजेश कुमार सिंह विषय विशेषज्ञ के रूप में पिछले 7 बर्षो से ज्यादा समय से वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग की बैठकों में भाग लेते रहे हैं। हाल के वर्षों में आयोग द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रकाशन किए गये हैं जिनमें राजनीति विज्ञान शब्दावली, प्रशासनिक शब्दाली व संसदीय शब्दावली शामिल है।

### डॉ. उरसेम लता (हिन्दी विभाग)

– डॉ0 उरसेम लता प्राध्यापक हिन्दी विभाग ने सत्र के दौरान हिमाचल भाषा एवं संस्कृति विभाग शिमला द्वारा 8 मार्च, 2018 को गेयटी थियेटर शिमला में आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रस्तुत दो शोधपत्रों पर विश्लेष्णात्मक टिप्पणी में समीक्षक के रूप में भाग लिया।

– 'अमर उजाला' में अक्टूबर–नवम्बर, 2017 के बीच 'स्त्री विमर्श' पर हिमाचली महिला रचनाकारों के लेख सीरीज में डॉ0 चन्द्ररेखा ढढबाल द्वारा संपादित कॉलम में डॉ0 उरसेम लता का –'दबाब झेले बगैर रचना संभव नहीं है' विषय पर आलेख प्रकाशित हुआ।
– जनसता के वार्षिक 'दीपावली विशेषांक', 2017 में तीन कविताओं का प्रकाशन हुआ।
– भाषा एवं संस्कृति विभाग सोलन द्वारा 'श्रीलाल शुक्ल और शरदजोशी' की रचनाओं पर 16–17 दिसम्बर, 2017 को हुए आयोजन में 'संवाद के बहाने व्यंग्य पर कुछ बात' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।
– 'बनते राष्ट्र में गांधी की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का हिन्दी व राजनीति शास्त्र विभाग के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया।
– क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ज़िला रेड रिबन क्लब की एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों सहित भाग लिया।

## श्री उरज्ञान छेरिंग (पुस्तकालयाध्यक्ष)

– उरज्ञान छेरिंग ने 18–20 जनवरी, 2018 तक चले राष्ट्रीय सेमिनार Indian Institute of Science Education and Research Bhopal के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
– 17–21 जुलाई, 2017 तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम जो कि गांधीनगर, गुजरात में 'Regional Training Programme on Library Automation' विषय पर आयोजित किया गया, में भाग लिया।

## प्रो.ज्योति चरन (इतिहास विभाग)

– इतिहास विभाग के प्राध्यापक प्रो0 ज्योतिचरन ने सत्र के दौरान गुरूनानकदेव विश्वविद्यालय में आयोजित 28 दिवसीय ओरियन्टेशन कार्यक्रम में भाग लिया।
– रोवर लीडर के लिए 24 अप्रैल, 2017 से 30 अप्रैल, 2017 तक आयोजित बेसिक कोर्स में भाग लिया।
– महाविद्यालय के रोवर्ज़–रेंजर्स इकाई के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय 'ठोस अपशिष्ट से सजावटी वस्तुएं बनाने' सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया।
– राज्य स्तरीय रोवर्स एवं रेंजर्स मूट 2018 में प्रो0 ज्योतिचरन ने ''परफेक्ट मेनेजमेण्ट'' विषय पर व्याख्यान दिया।
– Messenger of Peace India Gathering Phase – II जिसे एशिया पेसिफिक रीजन ऑफ वर्ल्ड ऑर्गेनाइज़ेशन ऑफ द स्काउट मूवमेन्ट द्वारा आयोजित किया गया था, के लिए विशेष तौर पर कॉलेज द्वारा स्लम एरिया में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट समर्थ– II के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रोजेक्ट समर्थ– II पर प्रो0 ज्योतिचरण चौहान ने व्याख्यान दिया और सम्पूर्ण अनुभव साझा किए।

## प्रो.शाम सिंह (अर्थशास्त्र विभाग)

– प्रो0 शाम सिंह, प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग को Stratagic Compensation Mapping for Talent Management and Retention पुस्तक (ISBN-978-93-86608-21- 5th January, 2018) में Reward and Compensation Stratagies विषय में पत्र प्रकाशित हुआ।

– 18–19 जनवरी, 2018 को पंजाब वि.वि. चण्डीगढ़ में आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय सेमिनार में प्रो0 शाम सिंह ने "Reward and Compensation Stratagies" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

– NAAC की टीम के दौरे के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को पंजाबी लोक नृत्य गिद्दा तैयार करवाकर टीम के समक्ष प्रस्तुत किया।

## प्रो. लीना वैद्य (अंग्रेज़ी विभाग)

– ज़िला आपदा प्रबन्धन संगठन कुल्लू और यू.एन.डी.पी. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला में प्रो0 लीना वैद्य ने भाग लिया और आपदा प्रबन्धन की जानकारियां हासिल की।

– 10 मार्च, 2018 से 30 मार्च, 2018 तक आयोजित रिफ्रेशर कोर्स जो कि कुमाँउ विश्वविद्यायल में चल रहा है, में भाग ले रही हैं।

## प्रो. अंजली कुमारी (अंग्रेज़ी विभाग)

– प्रो0 अंजली कुमारी ने 1 नवम्बर, 2017 से 28 नवम्बर, 2017 तक पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित 28 दिवसीय ओरियेन्टेशन में भाग लिया।

## प्रो. मोनिका कुमारी (जीवविज्ञान विभाग)

– प्रो0 मोनिका कुमारी ने ज़िला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आयोजित 'विश्व महिला दिवस' में 8 मार्च, 2018 को कॉलेज की टीम के साथ भाग लिया।

## प्रो.डाबे राम (वाणिज्य विभाग)

– प्रो0 डाबे राम ने International Journal of Management studies में "Growth and Prospective of E-Commerce in India" – A study in Context of Current Economic Scenario नामक विषय में शोध पत्र प्रकाशित किया।

## प्रो. देछेन छोमो (वाणिज्य विभाग)

–प्रो0 देछेन छोमो ने HIPA (Himachal Pradesah Institute of Public Administration) द्वारा आयोजित 13 से 15 मार्च, 2018 तक तीन दिवसीय कार्यशाला 'Community Disaster Management' में भाग लिया।

## धन्यवाद ज्ञापन

मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय मुख्य अतिथि महोदय का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने व्यस्तताओं के वाबजूद हमारे इस वार्षिक उत्सव पर पधार कर हमारा उत्साह वर्धन किया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों केन्द्रीय छात्र परिषद् के सभी सदस्यों, कर्मचारी वर्ग और समस्त छात्र–छात्राओं का धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्होंने इस समारोह को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दिया।

अध्यापक–अभिभावक संघ के प्रधान व समस्त कार्यकारिणी का भी मैं धन्यवाद करता हूं जिन्होंने महाविद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया है।

मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बधाई देता हूं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है। अन्त में मैं एक बार फिर मुख्य अतिथि महोदय श्री गोविंद सिंह ठाकुर जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर संस्था में पधारने की कृपा की। धन्यवाद।